सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 79 | इंदौर, मंगलवार 01 अक्टूबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## कांग्रेस से भाजपा में आईं शारदा की 10वीं की मार्कशीट फर्जी

### मुरैना में बड़े पद हैं, कोर्ट ने दिया यह आदेश



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुरैना।** मुरैना नगर निगम में भाजपा की महापौर शारदा सोलंकी की 10वीं की मार्कशीट फर्जी निकली है। जिला कोर्ट ने पुलिस को उनके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए हैं। शारदा सोलंकी कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़कर महापौर बनी थी, लेकिन बाद में वह भाजपा में शामिल हो गई थीं। उस समय उनके खिलाफ भाजपा प्रत्याशी रही मीना जाटव ने 10वीं की मार्कशीट और जाति प्रमाण पत्र फर्जी होने का आरोप लगाया था। इसे लेकर उन्होंने कोर्ट में याचिका भी लगाई थी। हालांकि, मीना जाटव कोर्ट में शारदा सोलंकी का जाति प्रमाण पत्र गलत होने की बात साबित नहीं कर पाई, लेकिन 10वीं की अंकसूची में गड़बड़ी साबित हो गई। जिसके बाद उनके खिलाफ सिविल लाइन थाने में धारा 420, 67 तथा 68 के तहत मामला दर्ज करने के आदेश कोर्ट ने पुलिस को दिए हैं।

बता दें महापौर शारदा सोलंकी ने जिस स्कूल से 1986 में 10वीं पास करने का दावा किया है, वहां के स्कूल प्रबंधन ने बताया कि उनके यहां उस साल इस नाम के किसी विद्यार्थी ने एडमिशन नहीं लिया था। आईएटीआई के तहत मिली जानकारी में सामने आया कि शारदा सोलंकी की मार्कशीट में जो रोल नंबर दिया गया है, वह किसी अन्य शख्स के नाम पर है। उसने कोई परीक्षा दी ही नहीं थी। ऐसे में पाया गया कि इस छात्र के रोल नंबर पर शारदा सोलंकी को स्वाध्यायी छात्र बताकर उन्हें पास घोषित कर दिया गया।

याचिकाकर्ता के वकील किशोरीलाल गुप्ता ने कहा है कि जिस स्कूल से महापौर की अंकसूची बनी है, उसने भी इस अंकसूची को गलत बताया है। उप्र शिक्षा बोर्ड ने भी उक्त रोल नंबर की अंकसूची को किसी नरोत्तम नाम के युवक का बताया, जो सभी विषयों में फेल है।

बता दें कि शारदा सोलंकी कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़कर महापौर बनी थीं। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी मीना जाटव को हराया था, लोकसभा चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विजयपुर में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा करने पहुंचे थे, तब कांग्रेस विधायक रामनिवास रावत के साथ शारदा सोलंकी ने भाजपा की सदस्यता ली थी। इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा और भाजपा के न्यू जॉइनिंग टोली के प्रभारी नरोत्तम मिश्रा भी मौजूद थे।

## विदा हुआ मानसून, बारिश का कोटा नहीं हुआ पूरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर से मानसून विदा हो गया और बारिश का कोटा पूरा भी नहीं हुआ। गनीमत रही की सितंबर के आखिर में कुछ दिन अच्छी बारिश हो गई वरना इंदौर पानी को तरस जाता। इंदौर में इस सीजन में 35.5 इंच बारिश हुई जो औसत से ढाई इंच कम है। फिलहाल स्ट्रॉन्ग सिस्टम नहीं होने से अब बारिश थमने के आसार हैं। मंगलवार को सुबह से निकली तेज धूप ने यह इशारा कर दिया है कि अब बादल शायद ही आएंगे। अब अक्टूबर में जो बारिश होगी वह इस सीजन के बारिश के रिकॉर्ड में दर्ज नहीं होगी। मानसून को सितंबर तक ही माना जाता है। इस बार जून और जुलाई में कम हुई बारिश ने इंदौरियों को चिंता में डाल दिया था, लेकिन अगस्त-सितम्बर ने काफी कुछ भरपाई कर दी, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली है। मौसम वैज्ञानिक अभिजीत चक्रवर्ती के मुताबिक बारिश कराने वाला सिस्टम अब जल्द थम जाएगा। ऐसे में तेज धूप निकलने का अनुमान है। इस सीजन में तालाबों का स्तर अभी ठीक है जबकि सोयाबीन की फसलों का उत्पादन भी अच्छा हुआ है। सितंबर के आखिरी हफ्ते में हुई बारिश से बेटमा, सांवेर के कुछ क्षेत्रों में सोयाबीन को थोड़ा नुकसान हुआ है। किसानों ने बताया कि देपालपुर का सबसे बड़ा तालाब बनेडिया लबालब भरा है लेकिन 90 एकड़ वाला शाहपुरा तालाब आधा ही भरा है। पिछले साल अच्छी बारिश होने के कारण ये काफी दिनों तक दोनों ही ओवर फ्लो थे। इस बार स्थिति इस तरह की नहीं है।

# 4 साल में ही दरके 7.40 करोड़ से बने भवन

## बालकनी की बाउंड्री हिल रही, बच्चों के गिरने का डर, छूने से झड़ रहा प्लास्टर



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर। जिला अस्पताल के पीछे चार साल पहले 7.40 करोड़ से बनकर तैयार हुए शासकीय आवासों की दीवारों में दरारें आ गई हैं। छत भी टपक रही है। कर्मचारियों को रहने के लिए सालाना मरम्मत करानी पड़ती है। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी और परिजन इन आवास में मुश्किल में रह रहे हैं। बारिश होने पर यह मुश्किलें बढ़ जाती है।**

एक बार बारिश होने पर चार पांच दिन तक छत से पानी टपकता रहता है। कर्मचारियों ने बताया कि यह आवास हाउसिंग बोर्ड ने बनवाए हैं। काम कोरोना काल में 2019-20 में पूरा हुआ। स्वास्थ्य विभाग को 2020 में दिए गए। इन भवनों में किचिन, डायनिंग हॉल, बेडरूम सभी कमरों की दीवारों में दरारें हैं। बालकनी की बाउंड्री हिलने लगी है। बच्चों के गिरने का डर बना रहता है। सीढ़ियां टूटने लगी हैं।

### आरएमओ और डॉक्टर रह रहे

जिला अस्पताल के पीछे बने इन भवनों में आरएमओ डॉ. अभिषेक ठाकुर सहित अन्य भारतीय मजदूर संघ के जगदीश जारोलिया व आपातकालीन सेवाएं देने वाले डॉक्टर व नर्सिंग स्टाफ रह रहे हैं। सभी भवनों की स्थिति खराब है। अंदर व बाहर दोनों ओर से दरारें हैं। कर्मचारी लगातार शिकायत कर रहे हैं। लेकिन न तो जिला अस्पताल प्रबंधन और न ही स्वास्थ्य विभाग ने इनकी समस्या का हल किया है।

### पहली बारिश में टपकी छत

स्वास्थ्य विभाग ने जब इन भवनों को लिया तो बाहर से चमकदार थे। जिला अस्पताल में आपातकालीन सेवाएं देने वाले कर्मचारियों ने इन्हें 2020 में ही आवंटित कराया। रहने लगे। इसके बाद से ही दरकने लगे हैं। बाहर से चमकदार दिखने वाले इन भवनों में जब कर्मचारियों ने रहना शुरू किया तो यह अंदर से खोखले साबित हुए। कुछ ही दिनों में दरारें आ गईं। छपाई गिरने लगी। पहली बारिश आई तो छत भी चूने लगी।

### बाउंड्रीवॉल नहीं बनाई, भुगतान पूरा हुआ

7.40 करोड़ में भवन बनाने के साथ ही बाउंड्रीवाल बनाई जानी थी। लेकिन निर्माण एजेंसी ने बगैर बाउंड्रीवाल बनाए ही स्वास्थ्य विभाग को दे दिया। विभाग ने इसे ले भी लिया। कर्मचारी रहने लगे तो उन्हें असुरक्षा महसूस हुई। इसके बाद कर्मचारियों ने ही अपने खर्चे पर भवनों के सामने तार फेन्सिंग कराई है।

इन भवनों के पीछे गदंगी भरी पड़ी है। टॉयलेट के चेंबर खराब हो गए हैं। खुले पड़े हैं। भवन खराब होने और मरम्मत नहीं कराने के संबंध में आरएमओ डॉ. अभिषेक ठाकुर ने बताया कि भवन में दरारें आई हैं। कर्मचारियों ने बताया था। एजेंसी का पता नहीं है। जल्द ही सीएमएचओ कार्यालय के माध्यम से पत्र लिखेंगे। मरम्मत कराने कहा जाएगा। अभी तक पत्र नहीं भेजा गया है।

# पीएम स्वनिधि योजना के क्रियान्वयन में इंदौर देश में दूसरे स्थान पर

## सांसद लालवानी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में पीएम स्वनिधि योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस योजना के क्रियान्वयन में इंदौर पूरे देश में दूसरे स्थान पर है। इस योजना के अन्तर्गत अभी तक एक लाख 43 हजार से अधिक स्ट्रीट वेंडरों को इंदौर नगर निगम द्वारा लाभान्वित किया गया है। यह जानकारी आज यहां सांसद श्री शंकर लालवानी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैंकर्स और शासकीय विभागों के अधिकारियों की जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक में दी गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती ज्योति शर्मा, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक श्री सुनील ढाका, रिजर्व बैंक की प्रबंधक श्रीमती रोशनी हजेला सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।**



बैठक में इंदौर जिले में क्रियान्वित विभिन्न हितग्राही और स्वरोजगारमूलक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान सांसद श्री शंकर लालवानी ने कहा कि स्वरोजगारमूलक योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाये। इन योजनाओं के तहत प्राप्त लक्ष्यों को निर्धारित समयसीमा में पूरा किया जाये। योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करते हुए अधिक से अधिक युवाओं विशेषकर महिलाओं को रोजगारमूलक गतिविधियों से जोड़ा जाये। उन्होंने कहा कि महिलाओं को रोजगारमूलक प्रशिक्षण भी दिया जाये। श्री लालवानी ने कहा कि सूक्ष्म उद्योग लगाने के इच्छुक उद्यमियों को प्राथमिकता से लोन उपलब्ध कराया जाये। ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाये जिससे कि उन्हें किसी भी तरह की परेशानी नहीं हो। बैठक में बताया गया कि इंदौर शहर में पीएम स्वनिधि योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इंदौर में योजना लागू होने से अब तक एक लाख 43 हजार से अधिक स्ट्रीट वेंडरों को आर्थिक सहायता उपलब्ध करायी गई है। श्री लालवानी ने निर्देश दिए कि योजना के तहत लाभान्वित सभी स्ट्रीट वेंडरों का प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत बीमा करवाया जाये। कोई भी पात्र व्यक्ति इस बीमा योजना से वंचित नहीं रहे। उन्होंने बैंकर्स को निर्देशित किया कि वे लोन के लिये आने वाले युवाओं और अन्य नागारिकों का पूरा सहयोग करें। उन्हें योजनाओं की जानकारी भी दें और आवेदन लेकर तुरंत स्वीकृत करें। उन्होंने अन्य विभागों द्वारा क्रियान्वित हितग्राही और स्वरोजगारमूलक योजनाओं में भी अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। बैठक में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री उद्यम क्राति योजना, भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना, संत रविदास स्वरोजगार योजना, मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन आदि की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

## इस बार नवरात्र उत्सव में सर्व सिद्धि माँ शारदा माता मैहर का भव्य दरबार सजेगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सार्वजनिक महोत्सव समिति जयरामपुर कॉलोनी के सचिव अनिल आगा ने बताया कि विगत 31 वर्षो से जयरामपुर कॉलोनी स्थित श्री बाबल साईं मन्दिर में भव्य रूप से विराजित माँ दुर्गा नवरात्रि उत्सव में इस बार विश्व प्रसिद्ध माँ शारदा माता मन्दिर मैहर की प्रतिकृति बनाई जायेगी, जिसमे हुबहु मन्दिर में स्थापित विग्रह माता शारदा भवानी के रूप में ही बनाया जायेगा। इन्दोर के प्रसिद्ध कलाकारो द्वारा ही प्रतिमा का निर्माण और श्रृंगार भी किया जा रहा है। हर दिन माँ का अलग अलग रूपो में श्रृंगार कर अलग अलग रूप देकर सब उन पर चढ़ने वाली वस्तुओ का ही भोग और पूजन अर्पित किया जाएगा। जिसकी तैयारी मन्दिर परिसर में जारी है,मैहर स्थित मन्दिर की हूबहू प्रतिकृति भी बनाकर समारोह स्थल पर लगाई जा रही है जिसे इन्दोर के कलाकार ही आकृति दे रहे है,मंदिर और मन्दिर जैसा ही एक भव्य प्रवेश द्वार और शिखर भी बनाया जा रहा है,जिसमे माँ शारदा माता विराजित होकर भक्तों को दर्शन देगी,,प्रतिदिन शाम 7 बजे से श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ,हवन यज्ञ,पूजन,कन्या भोज,आरती भजन संध्या,माता की चौकी,भंडारा आदि भी नियमित रूप से आयोजित होंगे । उक्त आयोजन 23 जयरामपुर कॉलोनी स्थित श्री बाबल साईं मंदिर मे किये जएगे।

# गो-मूत्र पिलाकर ही गरबा पंडाल में लोगों की एंट्री हो

## भाजपा नेता ने दी सलाह; कांग्रेस ने कहा, ऐसे बयान बचकाना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भाजपा जिला अध्यक्ष चिंटू वर्मा ने गरबा के आयोजकों से कहा है कि गरबा पंडाल में आने वाले हर व्यक्ति को गो मूत्र पिलाया जाए। उसके बाद ही एंट्री दी जाए। उन्होंने ये भी कहा कि नवरात्र में गरबा में आने वालों को अपने सिर पर तिलक भी लगाना चाहिए।**

कांग्रेस ने भाजपा जिला अध्यक्ष के इस बयान को बचकाना बताया है। कांग्रेस ने कहा कि सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के मकसद से इस तरह के बयान दिए जाते हैं।

### सभी को प्रसाद के रूप में गो मूत्र दिया जाए

भाजपा जिला अध्यक्ष चिंटू वर्मा ने सोमवार को मीडिया से बातचीत में कहा- गरबा माता की आराधना का पर्व है। ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसमें शामिल होना चाहिए। माता की आराधना हमारी बहन और बेटियां करती हैं। समय-समय पर ऐसी चर्चा आती रहती हैं कि कुछ लोग ऐसे शामिल हो जाते हैं, जिन्हें लेकर चर्चा हो जाती है। इसलिए मेरा तो ऐसा मानना है और मैं सबसे अपील भी करना चाहूंगा कि हम पंडालों में प्रसाद वितरण करते हैं, तो गो माता जो हमारी माता है, गो मूत्र हम पीते है, उसे प्रसाद स्वरूप सभी को देना चाहिए।

### हिन्दू होने का सर्टिफिकेट देने का अधिकार किसी को नहीं

कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता संतोष गौतम ने कहा कि बीजेपी जिला अध्यक्ष का बया बचकाना है, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के उद्देश्य से ऐसे बयान दिए जाते हैं। बीजेपी से कानून व्यवस्था संभल नहीं रही है, इंदौर में पुलिस कमिश्नर सिस्टम फेल हो रहा है। बौखलाए बीजेपी के नेता अपने बचाव में इस तरह की बातें करते हैं। हिन्दू होने का सर्टिफिकेट देने का इस तरह से किसी बीजेपी जिला अध्यक्ष को अधिकार नहीं है।

### गरबा में स्लीव लैस, बैकलैस, जींस, टी-शर्ट पहना तो नो एंट्री

भोपाल में गुजराती महिला मंडल ने गरबा के लिए ड्रेस कोड तय किया है। जिसके मुताबिक गरबा में स्लीव लैस, बैकलैस, जींस, टी-शर्ट पहनने की परमिशन नहीं है। समाज की ओर से कहा गया कि गुजराती समाज पिछले 65 वर्षों से गरबा महोत्सव मनाता आ रहा है। इस दौरान माताजी की आरती और गरबे के पारंपरिक गीत ही बजाए जाते हैं, किसी भी तरह की फिल्मी धुन, गाने, वेस्टर्न म्यूजिक का इस्तेमाल यहां नहीं किया जाता है। साथ ही गरबा प्रांगण में आने वाले किसी भी व्यक्ति को गुटखा, तंबाकू, सिगरेट पीने की अनुमति नहीं है।

# ज्वालाजी की अखंड लौ की ज्योत इंदौर के दिव्य शक्ति पीठ में स्थापित की जाएगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एम.आर 10 रोड स्थित रेडिसन होटल के पास, शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर, हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में स्थित प्रमुख शक्तिपीठ ज्वालाजी की प्रज्वलित अखंड लौ की ज्योत स्थापित की जाएगी। यह ज्योत हमेशा जलती रहेगी, जिससे इंदौर के भक्तों को माता के दर्शन का लाभ मिलेगा। यह विशेष व्यवस्था उन भक्तों के लिए होगी, जो ज्वालाजी के मंदिर तक नहीं पहुँच सकते।

दिव्य शक्ति पीठ इंदौर की प्रमुख डॉ दिव्या गुप्ता ने बताया की 40 प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों का जत्था 1 अक्टूबर को ज्वालाजी से अखंड लौ की ज्योत लेकर निकलेंगे और 3 अक्टूबर को इंदौर आएंगे। इस विशेष अवसर पर सत्य साईं चौराहे से दिव्य शक्ति पीठ तक भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इसमें भक्त पीतांबर वस्त्र के साथ पारम्परिक वेशभूषा के साथ बड़ी संख्या शामिल होगी, जो अपने श्रद्धा भाव के साथ इस यात्रा में भाग लेंगे।

### ज्वालाजी के अखंड लौ की महिमा

ज्वाला देवी का मंदिर 51 शक्तिपीठों में से एक है और यहां सदियों से माता रानी की जोत जलती आ रही है। इस अद्भुत ज्योत के जलने की विशेषता यह है कि यह बिना तेल और बाती के प्रज्वलित होती है। इस कारण इसे नगरकोट, चमत्कारी और जोता वाली का मंदिर भी कहा जाता है।ज्वाला देवी के मंदिर में 9 ज्वालाएं जलती हैं, जो मां भगवती के 9 स्वरूपों का प्रतीक मानी जाती हैं। भक्तों का विश्वास है कि यहां की ज्योत में अपार शक्ति है, जो भक्ति और श्रद्धा से जुड़ी हुई है।

ज्वालाजी की अखंड लौ की ज्योत का इंदौर में स्थापित होना, न केवल भक्ति का प्रतीक है, बल्कि यह सभी भक्तों को एक साथ लाने और सांस्कृतिक धरोहर को संजोने का भी एक प्रयास है। इस कार्यक्रम के माध्यम से, इंदौर में एक नई धार्मिक जागरूकता का संचार होगा, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

# लाव-लश्कर के साथ निकलेगी उमा महेश चुनरी यात्रा

## अन्नपूर्णा माता को चढ़ाएंगे 551 फीट की चुनरी, सुख, समृद्धि की करेंगे मंगल कामना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर। माहेश्वरी कुटुम्ब परिवार द्वारा उमा महेश चुनरी यात्रा रविवार 6 अक्टूबर को गुमाश्ता नगर स्थित शिव मंदिर से सुबह 9 बजे लाव-लश्कर के साथ निकाली जाएगी। दुसरे वर्ष में निकलने वाली इस यात्रा में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ सहित कई सामाजिक सरोकार के संदेश दिए जाएंगे। यात्रा के लिए तैयारियों का दौर जारी हैं। माहेश्वरी कुटुम्ब परिवार एवं माहेश्वरी समाज के 9 क्षेत्रों के संगठनों की सहभागिता में पश्चिमी क्षेत्र में लाव-लश्कर के साथ यह चुनरी यात्रा निकाली जाएगी।**

माहेश्वरी कुटुम्ब परिवार संस्थापक अध्यक्ष प्रकाश शारदा अजमेरा ने बताया कि उमा महेश की चुनरी यात्रा के अग्र भाग में घोड़े-बग्घी व बैंड-बाजों के साथ ही 21 ढ़ोल-ताशा कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। यात्रा में प्रसिद्ध भजन गायक अमर पंजाबी (रतलाम) अपने सुमधुर भजनों से सभी मातृशक्तियों को थिरकाएंगे तो वहीं यात्रा के मार्ग में शिव, पार्वती एवं कालका माता के स्वरूप में कलाकार अपनी विशेष प्रस्तुतियां देते हुए मार्ग में चलेंगे जो यात्रा के दौरान मुख्य आकर्षण का केंद्र होंगे। गुमाश्ता नगर स्थित शिव मंदिर से प्रारंभ यात्रा बैंक कालोनी होते हुए अन्नपूर्णा मंदिर परिसर पहुंचेगी, जहां इस चुनरी यात्रा का समापन होगा। 3 से 4 किलोमीटर की इस चुनरी यात्रा के मार्ग में 50 से अधिक विभिन्न सामाजिक संगठनों के मंच भी लगाए जाएंगे। विद्वान पंडितों के सान्निध्य एवं वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अन्नपूर्णा माता को 551 फीट की चुनरी चढ़ाई जाएगी एवं देश में सुख, समृद्धि बनी रहे इसके लिए मंगल कामना भी की जाएगी।

# मजिस्ट्रियल जांच के आदेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष सिंह ने विगत दिनों बालाराम पिता मानसिंह राठौर हाल मुकाम ग्राम बसान्द्रा तहसील सांवेर जिला इन्दौर की ग्राम बरदरी स्थित रेवती रेंज के सामने बहुमंजिला निर्माणाधीन इमारत में निर्माण कार्य के दौरान अचानक रेवती रेंज (बी.एस.एफ.) की तरफ से एक गोली बालाराम पिता मानसिंह राठौर के सीने में लगने से मौके पर हुई मृत्यु की घटना के मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। यह जांच अपर कलेक्टर एवं अपर जिला दण्डाधिकारी गौरव बैनल द्वारा की जायेगी। सहायक अधिकारी के रूप में अनुविभागीय अधिकारी जुनी इन्दौर श्री घनश्याम धनगर एवं एस.डी.पी.ओ. श्री संजीव श्रीवास्तव रहेंगे। इस संबंध में क्षत्रिय कलौता समाज द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन के परिप्रेक्ष्य में घटना की निम्न बिन्दुओं पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 196 के तहत दण्डाधिकारी जांच का आदेश जारी किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री आशीष सिंह द्वारा उक्त घटना को संज्ञान में लेते हुए जांच के बिन्दु तय किए गए हैं।

डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
इंदौर, मंगलवार 01 अक्टूबर, 2024


## फारूक मंसूरी परिवार उमराह के लिए रवाना, देपालपुर में हुआ स्वागत



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देपालपुर।** नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी हाजी अब्दुल रहमान साहब (सरिया सीमेंट वाले) के साहब जादे फारूक मंसूरी अपनी अहिल्या और 7 वर्ष की बच्ची के साथ उमराह के लिए रवाना हुए। इस मौके पर स्थानीय जनता द्वारा फारूक मंसूरी का स्वागत किया गया। हाजी मौसम पटेल और जुल्फिकार चक्की वाले, जिला कांग्रेस सचिव फारुख भाई ठेकेदार समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# एडवाईजरी कंपनी कर्मचारी की हादसे में मौत

## बाइक से घर जाते समय ट्रक ड्रायवर टक्कर मारकर भागा, जांच में जुटी पुलिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। तेजाजी नगर में एडवाईजरी कंपनी में काम करने वाले एक कर्मचारी की हादसे में मौत हो गई। वह अपने घर जा रहा था। तभी उसे ट्रक ने टक्कर मार दी। ट्रक ड्रायवर गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

तेजाजी नगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक घटना नायता मुंडला की है। यहां पर अनुराग(24)पिता दिलीप जादौन निवासी असरावर्द खुर्द को एक ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में गंभीर घायल अनुराग को एमवाय भेजा गया। यहां पर उसकी मौत हो गई। करीब एक घंटे तक अनुराग अपने घर नही पहुंचा तो उसकी मां ने अनुराग के मामा राजेन्द्र सिंह सिसौदिया को कॉल किया। उन्होंने अनुराग के नंबर पर कॉल किया तो पता चला कि उसका एक्सीडेंट हुआ है। इसके बाद परिवार अस्पताल पहुंचा।

### माता पिता का इकलौता बेटा

अनुराग अपने माता पिता का इकलौता बेटा है। उसके पिता किसानी करते है। ग्रेजुएशन पूरा होने के बाद अनुराग विजयनगर में एडवाईजरी कंपनी में काम कर रहा था। वह अपनी बाइक से ही आफिस आना जाना करता था। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

### फर्नीचर कॉरीगर को डंपर ने मारी टक्कर,मौत

खुडैल रोड़ पर रात में एक फर्नीचर का काम करने वाले कारीगर को डंपर ने चपेट में ले लिया। इस हादसे में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। पुलिस ने बताया कि सिध्दू(49) पुत्र लीलाधर शर्मा निवासी पैडमी को रात में घर जाते समय अधंगति से आ रहे डंपर ने चपेट में ले लिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सिद्धू की बाइक काफी दूर मिली है। वह अपना काम निपटाकर घर जा रहा था। पुलिस के मुताबिक मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया गया है।

### दोस्त को छोडने जा रहे थे,ट्रक ने मारी टक्कर, स्टूडेंट सहित दो गंभीर

नवलखा के पास बाइक सवार तीन स्टूडेंट हादसे का शिकार हो गए। जिसमें सेज यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट सहित दो की हालत गंभीर बनी हुई है। वही एक आईपीएस कॉलेज में पढ़ने वाला छात्र खतरे से बाहर है। वह अपने दोस्त को छोड़ने एलआईजी जा रहे थे। उनहें नवलखा के यहां पर एक ट्रक ने चपेट में ले लिया। भवंरकुआ पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सडक़ हादसे में प्रिंयाशु,उसका दोस्त आयुष और ओम सडक़ हादसे का शिकार हो गए। दोस्त ने बताया कि प्रिंयाशु और ओम बाइक से आयुष को छोड़ने एलआईजी इलाके में जा रहे थे। रात को करीब 1 बजे के लगभग नवलखा में उनकी बाइक को ट्रक ने चपेट में ले लिया। इस हादसे में प्रिंयाशु और आयुष गंभीर घायल हो गए। जबकि ओम को हाथ और पैर में चोट आई है। दोनो गंभीर घायलो को उपचार के लिए निजी अस्पताल भेजा गया है। दोस्तो ने बताया कि प्रिंयाशु सेज यूनिवर्सिटी से डिप्लोमा कर रहा है। वह मूल रूप से बडगांव का रहने वाला है। वही आयुष आईपीएस में कॉलेज से बीएससी की पढ़ाई कर रहा है। वह धनगांव का रहने वाला है। वही ओम सनावद में रहकर इंदौर से निजी कोचिंग कर रहा है।

# पुलिस अधिकारियों को ससम्मान विदा कर, दी जीवन की नई पारी के लिए शुभकामनाएं



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर। पुलिस में अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले इन्दौर पुलिस के 10 पुलिस अधिकारियों का विदाई समारोह सोमवार को पलासिया चौराहे स्थित पुलिस कमिश्नर कार्यालय के सभागार में आयोजित किया गया।**

पुलिस कमिश्नर राकेश गुप्ता के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव की उपस्थिति में आयोजित उक्त कार्यक्रम में कार्यालयीन स्टाफ व अन्य पुलिस कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव व उपस्थित अधिकारियों द्वारा सेवानिवृत्त अधिकारियों का शाल, श्रीफल, मोमेंटो व पुष्प माला के साथ स्वागत करते हुए, उन्होने जो पुलिस विभाग में अपनी अभिन्न सेवाएं दी गयी है, उसके लिये धन्यवाद दिया गया तथा उनके भविष्य के लिये मंगल कामना की गयी।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मनोज कुमार श्रीवास्तव, ने कहा कि आप सभी ने अनुशासित पुलिस विभाग में चुनौतीपूर्ण ड्यूटी करते हुए अपने जीवन का अमूल्य समय देकर जनता की सेवा की है, अब आपको स्वयं व अपने परिवार को समय देने की बारी है। सभी अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए, जीवन की इस नई पारी को अपने परिवार के साथ खूब हंसी खुशी के साथ, रचनात्मकता के साथ गुजारें और अपने किसी न किसी शौक को जरूर निखारें। इसके साथ ही उन्होंने अपने समय और अपनी पूंजी को सही जगह निवेश करने के संबंध में भी उचित मार्गदर्शन प्रदान किया। साथ ही उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों ने भी सभी को ये आश्वासन भी दिया कि, ये पुलिस परिवार अब भी उनका परिवार है, वे जब चाहे यहां आकर अपनी समस्याएं व अपने अनुभव आदि हमसे साझा कर सकते है और साथ ही अपनी उत्कृष्ठ सेवाओं व अनुभव के आधार पर अपने साथीगणों के मार्गदर्शक भी बन सकते है। और सभी ने विदा लेने वाले साथियों से कहा कि यह उनका रिटायरमेंट नहीं बल्कि जीवन की एक नई पारी की शुरुआत है, जिसके लिए उन्हें शुभकामनाएं दी।

# थाने पर गरबा आयोजकों की बैठक आयोजित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महू सहित देशभर में 3 अक्टूबर से नवरात्रि पर्व प्रारंभ हो रहा है। इसको लेकर सोमवार को कोतवाली थाना प्रभारी ने गरबा आयोजकों की बैठक ली। इसमें आयोजकों को कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए गए।**

थाना प्रभारी संजय द्विवेदी ने आयोजकों से कहा कि गरबा पंडाल में आयोजक अपने खुद के वॉलंटियर रखें। इसके साथ ही ट्रैफिक प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण और आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता पर ध्यान देने के निर्देश दिए गए। साथ ही यह भी बताया गया कि लाउडस्पीकर की ध्वनि सीमा नियमों के अनुसार होना चाइए। रात 10 बजे तक सभी गरबा पंडाल को बंद करना होगा और अन्य नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा। दरअसल, महू में 7 से अधिक जगह पर गरबा कार्यक्रम का आयोजन होना है। इसी को लेकर थाने पर पुलिस ने आयोजकों को प्रशासन के नियमों से अवगत कराया है।

# शाम ए गजल




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** सेवा और संगीत स्वर आलाप एवं स्टार फेन क्लब द्वारा 29 सितम्बर 2024 को शाम 6 30 बजे से कुन्ती माथुर सभागृह में शाम ए गजल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक हेमन्त अग्रवाल ने बताया ने की इस कार्यक्रम मे संजय रियाना,संजय लावरे और मेघा चौहान द्वारा सदाबहार गज़लों की प्रस्तुति दी । कार्यक्रम के सूत्रधार बॉलीवुड एंकर सतीश पांडे एवम संगीत संयोजन हेमेन्द्र महावर का था । गज़लों के इस सुरीले आयोजन में एक से बढक़र एक गज़लों की प्रस्तुति दी गयी ,कार्यक्रम में निम्नलिखित गज़लों की प्रस्तुति दी गई ।

कार्यक्रम में जगजीत सिंह चित्रा सिंह,चन्दन दास, पंकज उधास, आशा भोसले,लता मंगेशकर, सुरेश वाडकर की गज़लों को शुमार किया गया। खचाखच भरे हाल में तीनों सिंगर्स ने श्रोताओं की खूब दाद हॉसिल की। संगत कलाकार की बोडऱ् पर रवि सालके वॉयलिन पर राहुल मोयल,गिटार विकास जैन,तबला अनुपम वर्मा,ओकटोपेड सचिन मोरे,ढोलक पर हेमेंद्र महावर थे।

# गैर हिन्दुओं के गरबा पंडालों में नहीं दें प्रवेश

## बजरंग दल ने दिया आवेदन, पुलिस बोली- गरबा पंडालों पर रहेगी कड़ी निगरानी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। औद्योगिक नगरी में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय बजरंग दल ने थाना सेक्टर एक प्रभारी पीथमपुर को आवेदन दिया कि पीथमपुर तहसील में आगामी नवरात्रि गरबा महोत्सव में किसी भी हिंदू विरोधी को गरबा और पंडालों में आना वर्जित है।**

बजरंग दल मालवा प्रांत उपाध्यक्ष मनीष चौबे ने बताया कि अखिल आर्यवत संघ आंतरराष्ट्रीय बजरंग दल के द्वारा गरबा महोत्सव में गैर हिन्दू वर्जित है। इस महोत्सव में बिना परिचय पत्र दिखाए गरबा महोत्सव में प्रवेश न दिया जाए। हिन्दू महिलाएं संस्कृतिक परिवेश परिधान में ही प्रवेश दिया जाए। पीथमपुर थाना प्रभारी संतोष दुधी ने कहा कि बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया है कि पुलिस गरबा पंडालों पर चाक चौबंद व्यवस्था रखेगी। ऐसे विरोधियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इस अवसर पर तहसील मंत्री राकेश पटेल, नगर अध्यक्ष जीतू सोलंकी, नगर मीडिया प्रभारी अंकित त्रिपाठी, विशाल वर्मा, भारत मीणा, अर्जुन राणा, विशाल मालवीय, अर्जुन सिसोदिया, आकाश प्रजापति, रोहित मालवी , सोनू निगम, सोनू पथरिया, मुकेश गुप्ता, सुनील गुप्ता, अर्जुन मीणा, विक्की गुप्ता, राकेश लोधी, सुनील वर्मा, कृष्ण कुमार आकाश मिश्रा सहित पद अधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

# न रेडियम न इंडिकेटर, सड़क किनारे खड़ा था डंपर, 120 की स्पीड से जा घुसी बस

## दोनों ड्राइवर की लापरवाही से गई 9 जानें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा, (एजेंसी)। मैहर के नादन थाना क्षेत्र में 28 सितंबर की रात करीब 11 बजे जिस जगह बस ने डंपर को पीछे से टक्कर मारी, वह थाने से महज 200 मीटर दूर है। अब तक की पुलिस जांच में हादसे में डंपर और बस ड्राइवर दोनों की ही लापरवाही सामने आई है। दोनों फरार हैं। पुलिस ने बस और डंपर को जब्त कर थाने में खड़ा करवा लिया है।**

हादसे में 9 लोगों की जान चली गई थी जबकि 24 घायल हैं। 9 को अमरपाटन, 7 को मैहर सिविल हॉस्पिटल और 8 को सतना जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### 25 मिनट लेट थी बस, 120 की स्पीड में दौड़ा रहा था ड्राइवर

आभा ट्रैवल्स की स्लीपर कोच बस अयोध्या से रीवा होते हुए नागपुर जा रही थी। इसमें 45 यात्री सवार थे। बस शनिवार दोपहर 2 बजे अयोध्या से चली और तय समय से 20 मिनट लेट 10 बजकर 20 मिनट पर रीवा पहुंची। उसे सुबह 9:30 बजे नागपुर पहुंचना था। लंबे रूट की बस में दो ड्राइवर थे। हादसे के वक्त सेकंड ड्राइवर रोहिणी विश्वकर्मा गाड़ी चला रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बस की स्पीड करीब 120 किलोमीटर प्रति घंटे थी। नेशनल हाईवे 30 पर डंपर आधी सड़क घेरकर खड़ा था। स्पीड ज्यादा होने के कारण ड्राइवर बस कंट्रोल नहीं कर सका। जब तक वह कुछ समझ पाता, इससे पहले ही बस डंपर से जा टकराई।

### सवारी-लगेज को लेकर मारामारी, ओवर स्पीड में चलाते हैं गाड़ियां

रीवा बस स्टैंड प्रबंधन के मुताबिक, यहां से नागपुर के लिए 50 से ज्यादा बसें चलती हैं। सभी बसों की टाइमिंग शाम 6 बजे से लेकर रात 11 बजे तक है। सवारी और लगेज को लेकर मारामारी रहती है। जल्दी पहुंचने के चक्कर में ड्राइवर ओवर स्पीड में गाड़ियां चलाते हैं।

### डंपर में न बैक लाइट थी, न रेडियम; बस का ड्राइवर देख ही नहीं पाया

छत्तीसगढ़ पासिंग 12 पहिया डंपर की क्षमता 20 टन है लेकिन उसमें करीब 40 टन पत्थर भरे थे। हादसे से एक घंटे पहले डंपर पंक्चर हो गया था। सड़क के नीचे गड्ढा और गीली मिट्टी थी। धंसने के डर से ड्राइवर ने सड़क पर ही डंपर खड़ा कर दिया। डंपर में बैक लाइट या इंडिकेटर और रेडियम भी नहीं था, जिससे दूसरे वाहन के ड्राइवर को वह दूर से दिख सके। डंपर आधी सड़क घेरकर खड़ा था। उसका ड्राइवर गाड़ी छोड़कर 250 मीटर दूर ढाबे पर चाय पीने चला गया था। जब वह लौटकर आया, तब तक हादसा हो चुका था। घबराकर वह वहां से फरार हो गया।

### ओवरलोडिंग इतनी कि टक्कर के बाद डंपर जरा सा खिसका

पुलिस के मुताबिक, डंपर में ओवरलोडिंग का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि बस की इतनी तेज टक्कर के बाद भी डंपर जरा सा खिसका था। वहीं, बस का कंडक्टर साइड का हिस्सा बुरी तरह चकनाचूर हो गया था। सबसे ज्यादा मौतें और नुकसान भी इसी साइड में हुआ। हादसे में बस कंडक्टर लाल सिंह यादव की भी मौत हो गई। वह यूपी के प्रतापगढ़ के कोतवाली थाना क्षेत्र के मल्याना टोला का रहने वाला था। पुलिस का कहना है कि खाली डंपर से टक्कर होती तो इतनी जनहानि नहीं होती।

### प्रत्यक्षदर्शी बोला- चार शव बाहर पड़े थे, अंदर मची थी चीख-पुकार

राजेश मिश्रा केजेएस कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड हैं। वे हादसे के तुरंत बाद मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने बताया, ह्याबस के अंदर चीख-पुकार मची थी। थाना 200 मीटर की दूरी पर होने के कारण पुलिस भी तत्काल पहुंच गई थी। सतना से पुलिस बल पहुंचने में समय लगता। लिहाजा, हमने पुलिस के साथ मिलकर गैस कटर से बस के एक हिस्से को काटना शुरू किया ताकि जल्द घायलों को निकाला जा सके। क्षतिग्रस्त हिस्से को काटने के बाद हम बस के अंदर पहुंच पाए।

# बुर्का पहनकर शहर में घूमते हुए युवक पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, (निप्र)। सोमवार को दोपहर में आगर रोड स्थित कानीपुरा रोड पर पुलिस ने तराना निवासी एक युवक को बुर्का पहन कर घूमते हुए पकड़ा है। चिमनगंज थाना पुलिस ने युवक के खिलाफ पहचान छिपाने की धारा के तहत प्रकरण कर उसके अपराधिक रिकार्ड की जॉच की जा रही है।**

सोमवार को आगर रोड के कानीपुरा क्षेत्र में हरी ओम कांटे के पास एक युवक बुर्का पहन कर शहर में घूम रहा था,इस दौरान पुलिसकर्मियों की नजर उस पर पड़ गई। जिसके बाद शंका होने पर बुर्का हटाकर देखा तो उसमें बुर्का पहने एक युवक निकला। जिसके बाद उसे थाने ले जाकर पूछताछ की गई तो उसने बताया कि मोहन नगर स्थित अपनी खाला के घर जा रहा था। पूछताछ में युवक ने अपना वाजिद निवासी तराना बताया और कहा कि वह तराना में लेब में काम करता है। वाजिद ने बताया कि वह तराना से कुछ कपडे लेकर आया था जिसे उसे अपनी खाला के घर मोहन नगर देने जाना था। इस संबंध में एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि युवक बुर्का पहनकर क्यों उज्जैन आया था इसका पता लगाया जा रहा है। उसका रिर्कोर्ड भी खंगाला जा रहा है। फिलहाल उसके खिलाफ अपनी पहचान बदलकर गलत पहचान बताने के मामले में एफआइआर दर्ज की गई है।

# सांड को टक्कर मारकर कार बिजली के खंभे में जा घुसी

## सांड की मौत, कार क्षतिग्रस्त, कार से मिली शराब की बोतले, ग्लास

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, (निप्र)। सोमवार को सुबह मॉर्निंग वॉक पर कोठी रोड पर जाने वाले लोग उस समय दहशत में आ गए। जब रफ्तार में दौड़ती एक कार सांड को जोरदार टक्कर मार कर बिजली के खंभे में जा घुसी। दुर्घटना में सांड की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया वही बिजली का पोल भी टेड़ा हो गया।**





सोमवार को अल सुबह 5 बजे अटल अनुभूति उद्यान के नजदीक लोग मॉर्निंग वॉक कर रहे थे। इसी बीच नीले रंग की बलेनो कार क्रं.एमपी 13 सीई 9777 तेज रफ्तार से दौड़ते हुए सड़क पर खड़े सांड को जोरदार टक्कर मारती है,जिससे सांड उछल कर जमीन पर गिरता है और उसकी मौत हो जाती है। इसके बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के पोल में जा घुसती है। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से चकनाचूर हो गया और पोल भी झुक गया। कार में सवार दो लोग एयरबैग खुलने से मामूली घायल होकर भाग निकलते हैं। हादसा देख जब लोग कार के पास पहुंचे है तो उसमें शराब की बोतलें और ग्लास पड़े हुए मिलते हैं। इसके बाद ना तो घायल जिला अस्पताल पहुंचे और ना ही कोई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचा लेकिन दुर्घटना से मॉर्निंग वॉक करने वाले लोग सहम गए। लोगों का कहना है कि कोठी पर पुलिस कार्रवाई के बाद फिर हालात वैसे ही हो जाते हैं। यह तो गनीमत रही कि कार जब सांड को टक्कर मारकर पोल में घुसी तो उस दौरान वहां कोई नहीं था वरना उसकी भी जान जा सकती थी।

# एएसआई को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, गोली मारी

## रंजिश के चलते सुबह पड़ोसी की मां ने धमकाया, शाम को बेटे ने कर दिया हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

ग्वालियर, (एजेंसी)। ग्वालियर में एक एएसआई (असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर) पर जानलेवा हमला हो गया। पहले उन्हें लोहे की रॉड और बैट से सड़क पर दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया। जब आसपास लोगों ने बचाने का प्रयास किया तो एक बदमाश ने कट्टा निकालकर गोली मार दी। गोली एएसआई की कमर को छूते हुए निकल गई।

घटना रविवार शाम को कोटेश्वर कॉलोनी स्थित गैस गोदाम के पीछे दरगाह के पास की है। जब तक पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक हमलावर भाग निकले। पुलिस ने घायल दरोगा को उपचार के लिए भर्ती कराया है। सोमवार दोपहर को पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है।

### मंदिर जाते वक्त रास्ते में हो गया हमला

उपनगर ग्वालियर कोटेश्वर कॉलोनी निवासी बृजेश पुत्र राधेश्याम यादव (38) पुलिस विभाग में सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) हैं। बृजेश शिवपुरी जिले में पदस्थ हैं। फिलहाल सस्पेंड चल रहे हैं। रविवार को बृजेश यादव घर के पास ही मंदिर दर्शन करने गए थे। रास्ते में



चेतन पांडेय, प्रियांशु दुबे, सत्यम दुबे समेत उनके 5 से 6 साथियों ने रास्ता रोक लिया, वे गाली गलौज करने लगे। जब विरोध किया, तो उन्होंने मारपीट कर दी। हमलावरों ने पहले लोहे की छड़ से सिर पर वार किए। फिर बेसबॉल के बैट से भी पीटा। इस बीच एक हमलावर ने कट्टे से एएसआई को गोली मार दी, जो उनके कमर के पास से रगड़ते हुए निकल गई। मारपीट होते देखकर कुछ लोगों ने बीच बचाव का प्रयास किया तो उन्हें भी धमकाते हुए आरोपी भाग निकले। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल एएसआई को अस्पताल पहुंचाकर आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। घायल के परिजन ने बताया कि सुबह प्रियांशु दुबे की मां हेमलता ने धमकी दी थी कि उन्हें जान से हाथ धोना पड़ेगा। शाम को उसके बेटे ने अपने साथियों के साथ मिलकर दारोगा को पीट-पीटकर अधमरा कर दिया।

### स्ट्रीट डॉग को लेकर हुई थी कहासुनी

कुछ दिनों पहले एएसआई के बेटे को एक स्ट्रीट डॉग ने काट लिया था। इससे गुस्साए एएसआई ने स्ट्रीट डॉग को पीटा था। तभी वहां पर पड़ोस में रहने वाले चेतन और प्रियांशु ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इसी बात को लेकर उनमें कहासुनी हो गई थी। तभी से इनके बीच रंजिश चली आ रही है। होली के बाद भी चेतन और प्रियांशु ने एएसआई पर गोलियां चलाई थी। जिसे लेकर केस दर्ज हुआ था और संभवतः इसी के चलते वापस हमला किया है।

## संपादकीय

# इस झटके से उबरना आसान नहीं

लेबनान में शुक्रवार को हुए इस्राइली हमले में हसन नसरल्लाह का मारा जाना हिज्बुल्ला के लिए ऐसा झटका है, जिससे उबरना उसके लिए आसान नहीं होगा। इस्राइली सेना और नेतन्याहू सरकार के लिए यह उतनी ही बड़ी कामयाबी है। अफसोस की बात यह है कि इस कथित झटके या कामयाबी के बाद भी इस क्षेत्र में शांति की संभावना मजबूत नहीं हुई है। इसके उलट संघर्ष के बेकाबू होने का खतरा बढ़ गया है। पिछले तीन दशक से भी ज्यादा समय से हिज्बुल्ला का नेतृत्व कर रहा नसरल्लाह मध्यपूर्व के सबसे प्रभावशाली व्यक्तित्वों में शुमार किया जाता था। उसकी कमी की जल्द भरपाई होना मुश्किल है। मगर हिज्बुल्ला के लिए यह इकलौता झटका नहीं है। हाल के हमलों में उसके एक दर्जन से ज्यादा टॉप के कमांडर मारे जा चुके हैं। बहुचर्चित पेजर और वॉकी टॉकी हमलों ने उसके इंटरनल कम्युनिकेशन सिस्टम को भी लगभग खत्म कर दिया है। ऐसे में खुद को समेटकर इस्राइल पर दोबारा वैसा ही हमला करना हिज्बुल्ला के लिए काफी मुश्किल होगा। ताजा झटका कितना भी बड़ा हो, यह समझना गलत होगा कि इससे हिज्बुल्ला इस्राइल के सामने समर्पण कर देगा। पिछले कुछ दशकों में हिज्बुल्ला दुनिया का सबसे ताकतवर नॉन स्टेट एक्टर बन चुका है। उसके पास 1,50,000 से अधिक रॉकेट और मिसाइलें बताई जाती हैं। उसकी सैन्य ताकत किसी मिडल साइज के देश के बराबर मानी जाती है। हिज्बुल्ला ने कहा भी है कि वह इस्राइल के खिलाफ अपना अभियान जारी रखेगा। कुछ समय पहले तक 12 देशों की ओर से प्रस्तावित युद्धविराम को लेकर जो भी बची-खुची उम्मीद थी, वह अब समाप्त हो गई है। ताजा कामयाबी ने इस्राइल का उत्साह और बढ़ा दिया है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या हिज्बुल्ला की मिसाइलों का खतरा समाप्त करने के बाद इस्राइल अपने सैनिकों को लेबनान में घुसने का आदेश देता है। अगर ऐसा हुआ तो यह एक और लंबी लड़ाई की शुरूआत साबित हो सकती है। निगाहें ईरान पर भी टिकी हैं। वह पहले से नाराज है। तेहरान के एक गेस्टहाउस में हमास नेता इस्माइल हानिये की मौत का बदला भी उसे लेना है। नसरल्लाह की मौत उसके लिए भी झटका है। देखने वाली बात यह है कि उसकी प्रतिक्रिया कितनी और कैसी होती है।

### अर्ज किया है..!

*देख ज़िंदाँ से परे रंग-ए-चमन जोश-ए-बहार*
*रक़्स करना है तो फिर पाँव की ज़ंजीर न देख*

- मजरूह सुल्तानपुरी

## OSHO कहिन

**"अतीत का अनावश्यक रूप से बोझ न लें। आपके द्वारा पढ़े गए अध्यायों को बंद करते जाएं। बार-बार वापस जाने की जरूरत भी नहीं है।"**



## Health is Welth

# इन 5 सब्जियों को कभी ना खाएं कच्चा, वरना झेलने पड़ेंगे कई गंभीर नुकसान

सब्जियां सेहत के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद होती हैं। डॉक्टर, न्यूट्रीशियन और डायटीशियन भी डायट में ज्यादा से ज्यादा रंगीन सब्जियों को खाने की सलाह देते हैं। लेकिन इन सब्जियों को आप किस तरह से खाते हैं ये जानना सबसे ज्यादा जरूरी है। आज यानी 1 अक्टूबर को वर्ल्ड वेजिटेरिन डे सेलिब्रेट किया जा रहा है। ये दिन शाकाहार के स्वास्थ्य और पर्यावरणीय फायदों पर वैश्विक ध्यान आकर्षित करने और वेजिटेरियन लाइफस्टाइल की नीति पर फोकस करने के लिए मनाया जाता है। इस खास मौके पर जानते हैं कि आप को किन सब्जियों को कच्चा खाने से बचना चाहिए।



## किन सब्जियों को नहीं खाना चाहिए कच्चा

### 1) पत्ता गोभी

ज्यादातर लोग पत्तागोभी को सलाद, बर्गर और सैंडविच में कच्चा लगाते हैं। लेकिन ये उन सब्जियों में से एक है जिन्हें कच्चा नहीं खाना चाहिए। कच्ची पत्तागोभी में ई.कोली या साल्मोनेला जैसे हानिकारक बैक्टीरिया हो सकते हैं। वैसे तो इस सब्जी को लेकर लोगों में जगरुकता काफी बढ़ गई है, लेकिन बहुत लोग इसे अभी भी कच्चा ही खाते हैं।

### 2) अरबी के पत्ते

इन दिनों मार्केट में अरबी के पत्ते खूब मिल रहे हैं। इन पत्तों का इस्तेमाल करके कई तरह की पारंपरिक डिशेज तैयार की जा सकती हैं। रिपोर्ट्स कहती हैं कि इन पत्तों में ऑक्सालेट हो सकता है, जो पौधों में पाया जाने वाला एक कार्बनिक एसिड है। अगर इन पत्तों को कच्चा खाया जाता है तो ये किडनी की पथरी का कारण बन सकता है। हालांकि, जब आप इन पत्तियों को ठीक से पकाते हैं तो ऑक्सालेट का लेवल काफी कम हो जाता है, ऐसे में इन्हें खाना सेफ माना जाता है।

### 3) पालक

शरीर में आयरन की कमी पूरी करने वाले पालक में भी कभी-कभी ई. कोली बैक्टीरिया हो सकता है जो पेट में दर्द और अन्य पाचन समस्याओं का कारण बनता है। कुछ लोग इसे सलाद में खाना पसंद करते हैं, जिससे शरीर को नुकसान पहुंच सकता है।

### 4) ब्रोकोली

ब्रोकोली को हल्का भाप में पकाने या भूनने से इसके पोषण की मात्रा बरकरार रहती है। यह गैस और सूजन जैसी पाचन संबंधी समस्याओं के खतरे को भी कम करता है। हालांकि,एक्सपर्ट की सलाह के बाद आप इसे कच्चा भी खा जा सकते है।

### 5) शिमला मिर्च

कच्ची शिमला मिर्च भी सलाद में काफी अच्छी लगती है। हालांकि इसके बीजों में कभी-कभी केमिकल अवशेष या टेपवर्म अंडे हो सकते हैं। ऐसे में इसे पकाने पर इन अवशेषों को कम करने में मदद मिलती है, जिससे इसे खाना सुरक्षित हो जाता है।

Chennai

# अपनी बेटी की शादी की, दूसरों को सिर मुंडाकर संन्यासी बनने के लिए क्यों प्रेरित करते हैं सद्गुरुः हाईकोर्ट

**चेन्नै, (एजेंसी)** आध्यात्मिक प्रवचन देने वाले सद्गुरु जग्गी वासुदेव पर मद्रास हाई कोर्ट ने तीखी टिप्पणी की है। अदालत ने एक केस की सुनवाई करते हुए पूछा कि आपने अपनी बेटी की शादी की है और वह सांसारिक सुख-सुविधाओं से युक्त जीवन जी रही है। फिर आप अन्य महिलाओं को क्यों सिर मुंडाकर संन्यासी की तरह जीने के लिए प्रेरित करते हैं। जस्टिस एस.एम सुब्रमण्यम और जस्टिस वी. सिवागननम ने यह सवाल एक रिटायर्ड प्रोफेसर की ओर से दाखिल अर्जी पर लिया। प्रोफेसर ने आरोप लगाया था कि मेरी उच्च शिक्षित बेटियों का ब्रेनवॉश किया गया है और वे स्थायी तौर पर ईशा योग केंद्र में ही रह रही हैं।



यही नहीं प्रोफेसर एस. कामराज ने अदालत से मांग की थी कि उनकी बेटियों को निजी तौर पर कोर्ट में लाया जाए। कामराज कोयंबटूर स्थित तमिलनाडु एग्रिकल्चरल यूनिवर्सिटी में पढ़ाते हैं। उनकी मांग पर 42 और 39 साल की दोनों बेटियां कोर्ट में आईं। सुनवाई के दौरान सोमवार को उनकी बेटियों ने कहा कि हम ईशा फाउंडेशन में खुद रह रहे हैं। हमें किसी तरह की हिरासत में नहीं रखा गया है। यह केस बीते एक दशक से अदालत में चल रहा है। एक बार पहले भी केस की सुनवाई के दौरान प्रोफेसर की बेटियों ने कहा था कि हम अपनी इच्छा से ही ईशा योग केंद्र में रह रहे हैं। वहीं उनके पैरेंट्स का दावा है कि उनकी बेटियों का जीवन नरक हो गया है, जब से उन्हें ईशा योग केंद्र में रखा गया है। हालांकि जजों ने इस मामले में और जांच करने का आदेश पुलिस को दिया है।

Uttarpradesh

## नेग के 5100 रुपए न मिलने पर नर्स ने 40 मिनट तक मेज पर रखा नवजात, चली गई जान, जांच शुरू

**मैनपुरी, (एजेंसी) मैनपुरी में नेग के लिए नवजात बच्चे की मौत के मामले में जांच शुरू हो गई है। करहल सीएचसी पर 5100 रुपये न मिलने पर स्टाफ नर्स ने 40 मिनट तक बच्चे को परिजनों से दूर रखा। नवजात को मेज पर रखा। इस दौरान उसकी हालत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। मामले की शिकायत हुई तो सीएमओ ने दो डिप्टी सीएमओ सहित तीन अधिकारियों की टीम बना दी है। चार दिन में रिपोर्ट मांगी गई है।**

कुर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम ओन्हा निवासी सुजीत पुत्र धर्मेंद्र ने डीएम और सीएमओ को शिकायती पत्र देकर जानकारी दी कि 18 सितंबर को उसकी पत्नी संजली को करहल सीएचसी पर भर्ती कराया गया था। यहां ड्यूटी पर तैनात ज्योति नाम की नर्स ने प्रसव कराने में लापरवाही की। जब शिकायत की तो आशा ने भी गुमराह किया और स्टाफ नर्स को डॉक्टर बताया। 19 सितंबर की सुबह उसकी पत्नी ने एक बच्चे को जन्म दिया। बच्चे के जन्म देते ही ज्योति उससे 5100 रुपये का नेग मांगने लगी। जब उसने रुपये देने से इनकार किया तो उसके बच्चे को एक टेबल पर कपड़े में लपेटकर रख दिया और रुपये मिलने तक उसे बच्चा नहीं दिया। प्रसव के दौरान बच्चे को नहीं मिला सही इलाजः लगभग 40 मिनट बाद उसे रुपये दिए गए तब उसे बच्चा मिला। लेकिन तब तक बच्चे की हालत बिगड़ गई और बच्चे को सैफई रेफर कर दिया गया। सैफई अस्पताल में बच्चे को मृत घोषित कर दिया। वहां डॉक्टर ने बताया कि प्रसव के समय बच्चे को सही उपचार नहीं मिला। आशा शीला और स्टाफ नर्स ज्योति इस मामले में समझौता न करने पर उसे और उसके पूरे परिवार को धमकी दे रहे हैं। इन दोनों की लापरवाही से उसके बच्चे की जान चली गई और उसकी पत्नी सदमे में है।

New Delhi

## दिल्ली में हाशिम बाबा के नाम पर कारोबारी से मांगी 17 लाख की फिरौती, पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली पुलिस ने गैंगस्टर हाशिम बाबा के नाम पर व्यापारी से रंगदारी मांगने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी मोहसिन खान (30) ने एक तस्कर के कहने पर जबरन वसूली की मांग की थी. न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक '9 सितंबर को कारोबारी को धमकी भरा फोन आया. चांदनी चौक में ड्राई फ्रूट का कारोबार करने वाले इस व्यवसायी को फोन करने वाले शख्स ने खुद को हाशिम बाबा बताया और 17 लाख रुपये की रंगदारी मांगी. उसने बताया कि वो तिहाड़ जेल से फोन कर रहा था,' पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता ने नंबर ब्लॉक कर दिया लेकिन आरोपी ने एक अंतरराष्ट्रीय नंबर से उससे दोबारा संपर्क किया और जबरन वसूली की मांग दोहराई और पैसे नहीं देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी. पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है. पुलिस की टीम ने जब नंबरों की जांच की तो यह मालवीय नगर का निकला जिसके बाद पुलिस ने लोकेशन का भी पता लगा लिया. इसके बाद मौके पर पहुंच कर पुलिस ने मोहसिन खान नाम के तस्कर को गिरफ्तार कर लिया.

Uttarpradesh

# कैश ऑन डिलीवरी ऑर्डर फ्लिपकार्ट ब्वॉय के लिए काल बना, डेढ़ लाख का फोन लेकर मार डाला

**लखनऊ, (एजेंसी)** ऑनलाइन शॉपिंग की मशहूर ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट से कैश ऑन डिलीवरी में डेढ़ लाख रुपए के दो मोबाइल फोन मंगवाकर लखनऊ में डिलीवरी ब्वॉय की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पिछले हफ्ते हुई इस हत्या का खुलासा यूपी पुलिस ने सोमवार को किया।

हालांकि समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक डेढ़ लाख रुपए कीमत का एक आईफोन ऑर्डर में मंगाया गया था। 23 सितंबर की इस वारदात में डिलीवरी ब्वॉय भरत साहू से फोन लेने के बाद पैसे देने के बदले घर के अंदर खींचकर गला दबाकर हत्या कर दी गई और फिर शव को बोरे में बंद करके इंदिरा नहर में बहा दिया गया। शव अभी बरामद नहीं हुआ है। एसडीआरएफ टीम नहर में शव को खोज रही है। लखनऊ के पुलिस उपायुक्त शशांक सिंह के मुताबिक 32 साल के भरत मूल रूप से अमेठी के जामो संभई गांव के रहने वाले थे। लखनऊ में पत्नी के साथ सतरिख रोड पर किराए पर रहते थे। भरत का छोटा भाई निशातगंज में रहता है। भरत फ्लिपकार्ट में डिलीवरी ब्वॉय की नौकरी करते थे। चिनहट थाना इलाके से तकरोही के गजानन ने डेढ़ लाख रुपये कीमत के दो मोबाइल फोन आर्डर किए थे। भुगतान कैश ऑन डिलीवरी होना था। 23 सितंबर को भरत फ्लिपकार्ट के गोदाम से डिलीवरी के लिए निकला और दोपहर तकरोही में गजानन के घर पहुंचा।

खेल

# कोहली ने सबसे तेजी से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पूरे किए 27000 रन, सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ा

**कानपुर।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने बांग्लादेश के खिलाफ कानपुर में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन एक खास उपलब्धि अपने नाम कर ली है। लगातार नई ऊंचाइयों पर पहुंच रहे पूर्व भारतीय कप्तान कोहली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 27000 रन पूरे कर लिए हैं। कोहली इसके साथ ही सबसे तेजी से यह उपलब्धि अपने नाम करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं और उन्होंने इस मामले में हमवतन दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया है।

### दिग्गज बल्लेबाजों को कोहली ने पछाड़ा

कोहली ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी के दौरान यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने 594 पारियों में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 27000 रन पूरे कर लिए हैं। दूसरी ओर, सचिन ने 623 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी। तीसरे स्थान पर श्रीलंका के पूर्व कप्तान कुमार संगकारा हैं जिन्हें इस मुकाम तक पहुंचने में 648 पारियां लग गई थी। कोहली की शानदार पारी का अंत शाकिब अल हसन ने किया और वह अर्धशतक लगाने से चूक गए। कोहली ने 35 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की मदद से 47 रन बनाए।



**कोहली ने कानपुर में बनाया रिकॉर्ड-** बारिश के कारण दो दिन का खेल धुलने के बाद सोमवार को आखिरकार मैच दोबारा शुरू हुआ। भारत ने बांग्लादेश की पहली पारी 233 रन पर समेट दी। जवाब में भारत ने तेज शुरुआत की और 18 गेंदों पर 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया था। हालांकि, रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल के आउट होने के बाद भारत की पारी लड़खड़ाई, लेकिन कोहली ने केएल राहुल के साथ मिलकर भारतीय पारी को संभाला और बढ़त हासिल करने में कामयाब रहे। कोहली 27000 रन पूरे करने से 35 रन दूर थे, लेकिन बांग्लादेश के खिलाफ उनका बल्ला चला और वह अपने नाम एक और उपलब्धि दर्ज करने में सफल रहे।

### पहले टेस्ट में नहीं चला कोहली का बल्ला

बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में कोहली का बल्ला नहीं चला था। वह दोनों पारियों में प्रभावित नहीं कर सके थे। कोहली ने पहली पारी में जहां छह रन बनाए थे, वहीं दूसरी पारी में वह 17 रन बनाकर पवेलियन लौटे। कोहली को ऑफ स्पिनर मेहदी हसन मिराज ने अपना शिकार बनाया था। हालांकि, पहले मैच की तुलना में कोहली ने कानपुर में पहली पारी में अच्छी बल्लेबाजी की और केएल राहुल का अच्छा साथ निभाया।

सिनेमा

## गलती से चली गोली गोविंदा के घुटने में लगी, लोडेड रिवॉल्वर से सुबह 4.45 बजे कैसे हुआ हादसा? पुलिस कर रही जांच



जानेमाने बॉलीवुड एक्टर और शिवसेना नेता गोविंदा को लेकर एक बड़ी खबर आ रही है. अपना रिवॉल्वर साफ करते वक्त गोविंदा को गोली लग गई है. अपनी ही गोली से जख्मी गोविंदा को हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है. जानकारी के अनुसार ये घटना मंगलवार सुबह की है. सुबह 4 बजकर 45 मिनट पर गोविंदा अपने घर से बाहर जाने की तैयारी कर रहे थे.

बाहर जाने से पहले गोविंदा अपना लाइसेंसी रिवॉल्वर साफ कर रहे थे. लेकिन गलती से उनसे अपना ही रिवॉल्वर मिसफायर हो गया. गोविंदा के घुटने पर गोली लगी है. उन्हें घायल हालत में क्रिटिकेयर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है. जानकारी के अनुसार गोविंदा कोलकाता जाने की तैयारी कर रहे थे. उनके हाथ से रिवॉल्वर छूट के गिरने से ये हादसा हुआ. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी.

पुलिस सूत्रों ने बताया कि गोविंदा को ICU में भर्ती करवाया गया है और इस मामले की जांच की जा रही है कि 4:45 पर ये हादसा कैसे हुआ. जानकारी के अनुसार गोविंदा कोलकाता जाने की तैयारी कर रहे थे. उनके हाथ से रिवॉल्वर छूट के गिरने से ये हादसा हुआ. अस्पताल ने इस घटना को लेकर कोई जानकारी नहीं दी है.

## Highlights

1. **Man loses ₹16,000 in dating app scam in Delhi, says 'Cafe knew woman was fraud'**
2. **Bank manager who died by suicide by jumping off Atal Setu was feeling helpless: Wife**
3. **CBI shouldn't be so casual: Kolkata court over RG Kar rape-murder case**
4. **Kavitha sent to hospital a month after being released from Tihar**
5. **Stopping Sonam Wangchuk is dictatorship, I'll meet him: CM Atishi**

# Philips' first female top executive Charlotte Hanneman in 133-year history starts tenure

**NEW DEIHI, (Agency).** Royal Philips NV's first female chief financial officer and management board member in the company's history starts her tenure on Tuesday.



Charlotte Hanneman, 45, is taking over as the CFO of the Dutch maker of medical equipment, succeeding Abhijit Bhattacharya who has been in the role since 2015. Hanneman is joining from US medical equipment maker Stryker Corp.

Philips is trying regain shareholder and consumer trust after paying less than expected to settle claims linked to faulty sleep apnea devices. Earlier this year, its two biggest investors Exor NV and Artisan Partners GP LLC raised their stakes in the company, demonstrating improved confidence in the company.

Chief Executive Officer Roy Jakobs, who was overseeing the issues around the recall, took the reigns in October 2022 and started his tenure by cutting 10,000 jobs. Jakobs also replaced more than half of the executive committee members since he took over as part of his strategy to build "on the right team and capabilities."

"Charlotte is the right leader for this role with over 20 years of experience in the medical technology and pharmaceutical industries, and experience across Asia, the Americas and Europe," Jakobs said in an emailed statement.

The company began recalling some sleep apnea products due to health concerns linked to the disintegrating noise-dampening foam in June 2021, with the US Food and Drug Administration labeling the fault a Class 1 issue, the most serious type. It suspended sales of those devices in the US and the recall cost the company around $5 billion, according to Bloomberg calculations.

Philips shares have gained more than 44% this year but the stock is still down around 32% since the start of the recall.

# Tata Steel ends 'legacy steelmaking' at Britain's largest steelworks: 'Difficult and poignant day'

**NEW DEIHI, (Agency).** Tata Steel-owned Port Talbot plant in South Wales hit a significant milestone on Monday when its Blast Furnace 4 ceased operations after over 100 years, marking an end of "legacy" steelmaking as the UK's largest steelworks transitions towards greener steelmaking.

Steelmaking at the site is now set to resume in 2027-2028 as part of a British government-backed investment programme of around GBP 1.25 billion in Electric Arc Furnace-based steelmaking, using UK-sourced scrap steel.



The Mumbai-headquartered steel giant said it is looking ahead to a "brighter, greener future" for the historic site and sustaining more than 5,000 jobs.

"I am deeply conscious how difficult today is for everyone associated with our business. Throughout this transition, we are doing everything possible to minimise the impact on all those who are affected by the changes we are making," Rajesh Nair, CEO of Tata Steel UK, said in a statement.

"Today marks a significant event in the history of iron and steelmaking in the UK as the legacy steel-making assets in Port Talbot close, having reached their end-of-life. It is important at this juncture, to pause, recognise and credit the huge contribution of the many thousands of people and the technologies that have sustained our industry and communities here for generations," he said.

श्रीहरि
www.shreehari.org

"ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक मार्गदर्शन"
"एक सलाहकार-एक शुभचिंतक"

www.babapandit.com

...हो सकता है मेरी एक सलाह आपकी समस्या/पीड़ा के समाधान में सहायक सिद्ध हो...

Pls visit and submit your query*
www.babapandit.com
🙏 "बाबापण्डित" 🙏
अनुष्ठानकर्ता-हरिकथा प्रेमी
www.babapandit.com

Pls Call for Appointment
7869526724 / 9303183100

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक